# जनवरी से रफ्तार पकड़ेगी ग्रेटर अलीगढ़ योजना

## भू-उपयोग परिवर्तन के लिए अलीगढ़ विकास प्राधिकरण ने शासन को भेजा पत्र

**विकास की बात**

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले की महत्वाकांक्षी योजना ग्रेटर अलीगढ़ की राह में आड़े आ रही भू-उपयोग परिवर्तन की समस्या जनवरी 2025 में दूर हो जाएगी। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) के अधिकारियों ने पहले चरण के लिए खरीदी गई 102 हेक्टेयर जमीन के आवासीय प्रयोग के लिए भू उपयोग परिवर्तन के संबंध में शासन को पत्र भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही योजना रफ्तार पकड़ लेगी।

खैर रोड पर 335 हेक्टेयर भूभाग में ग्रेटर अलीगढ़ को विकसित किया जाना है, जिसमें 2500 से अधिक भूखंड हैं। पहले चरण में 102 हेक्टेयर जमीन पर प्रोजेक्ट शुरू होगा। इसमें करीब 1200 भूखंड शामिल हैं। योजना के लिए अब तक 170 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है।

इसमें 70 हेक्टेयर जमीन महायोजना में पार्क के नाम पर है। इसी जमीन में से 3 हेक्टेयर का हिस्सा पहले चरण में शामिल है। पूरी योजना में 20 हेक्टेयर जमीन प्रशासन की है। इसके अलावा ग्रेटर अलीगढ़ में जिन गांवों की जमीन शामिल है, उन गांवों में जतनपुर, रुस्तमपुर, जिरौली, मूसेपुर, अटलपुर, बिसावन, ल्हौसरा, चिकावटी और अहमदाबाद शामिल हैं।




ग्रेटर अलीगढ़ के लिए भू उपयोग परिवर्तन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जल्द ही स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना का काम गति पकड़ेगा।

**- अपूर्वा दुबे, उपाध्यक्ष, एडीए**